सितम्बर 2012

मान्नीय महोदय,

सादर जय जिनेन्द्र

भगवान चंद्रप्रभु से आपके सपरिवार कुशलता की प्रार्थना करते हुये माह सितम्बर 2012 में आपकी इस संस्था में संचालित हुई गतिविधियों की जानकारी इस पत्र के माध्यम से प्रेषित है।

1 सितम्बर 2012 को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड बल्क पेट्रोलियम डिपो सागर, ग्राम नरयावली में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डिपो के आफीसर, कर्मचारी लेबर आदि का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें संस्था के **डॉ. नितिन जैन एमडी मेडीसिन** द्वारा अपना परामर्श प्रदान किया गया। लगभग 100 व्यक्ति लाभान्वित हुये।

दिनांक 6 सितम्बर 2012 को एक विशाल पर्यावरण सभा का आयोजन किया गया, जिसमें **भाग्योदय तीर्थ नर्सिंग, फार्मेसी एवं पैरामेडीकल कॉलेज** के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाकर पौधों का वितरण किया गया जिनकी सेवा सुश्रुषा की जिम्मेदारी भी विद्यार्थियों ने ली।

दिनांक 8 सितम्बर 2012 को हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड सागर, ग्राम नरयावली के कर्मचारी एवं मजदूर वर्ग के करीब 80 सदस्यों ने भाग्योदय तीर्थ में एक साथ अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जिनको संस्था के **डॉ. नितिन जैन एम.डी. मेडीसिन** ने अपना परामर्श प्रदान किया।

शिविर श्रृंखला में ही सुरखी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जैसीनगर में विधायक गोविन्द सिह जी के सौजन्य से आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में **भाग्योदय तीर्थ** के चिकित्सक **डॉ. संतोष राय, डॉ. रजनीश मिश्रा एवं डॉ. अखिलेश जैन** ने अपनी सेवायें प्रदान कीं।

अत्यंत हर्ष का विषय है कि **इंडियन नर्सिंग कौंसिल दिल्ली** की टीम द्वारा निरीक्षण के उपरांत **भाग्योदय तीर्थ नर्सिंग कॉलेज** में **GNM** कोर्स संचालित करने की अनुमति प्राप्त हो गयी है तथा प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। संस्था को **GNM** की 40 सीट के लिये अनुमति प्राप्त हुई है।

माह सितम्बर 2012 में Rs.258271.00 की चेरिटी आपके संस्थान द्वारा मरीजों के लिए की गयी है।

विगत कई माह से हम आपको लगातार आपकी संस्था की गतिविधियों के बारे में अवगत करा रहे हैं परंतु यह जानकारी आप तक पहुँच भी पा रही है या नहीं इसकी सूचना हमें अप्राप्त है। कृपया हमें 09827250752 पर SMS करके या btct.saugor@gmail.com पर ई मेल करके जरूर सूचित करने का कष्ट करें।

प.पू. 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा एवं मंगलाशीष से निर्मित यह संस्थान आपके द्वारा दिये गये सहयोग से ही प्रगति पथ पर अग्रसर हैं तथा सम्पूर्ण बुन्देलखण्ड में पीड़ित मानवता की सेवार्थ जाना जाता है। आपका सहयोग ऐसा ही बना रहे ऐसी हमारी भावना है। पत्र के अंत में आपसे निवेदन है कि संस्था के हितार्थ आपका जो भी मार्गदर्शन हो हमें अवश्य अवगत कराने का कष्ट करें।

भाग्योदय तीर्थ परिवार की ओर से . . .

संतोष खरे
जनसंपर्क अधिकारी